**भारतीय स्टेट बैंक में कथित अनियमितताएं**

4540. श्री त्रिलोक चन्द्र
श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री
श्री राम किंकर

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान पटना से प्रकाशित दैनिक 'आज' के 11 नवम्बर, 1981 के अन्त में भारतीय स्टेट बैंक में अनियमितताओं का बोलबाला शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर आकर्षित किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

**वित्त मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मगन भाई बारोट)** : (क) जी, हां।

(ख) बैंक प्रबन्धकों से इसकी जांच करने तथा इसकी सूचना देने को कहा गया है।

**रामशिला पहाड़ी का पर्यटक केन्द्र के रूप में विकास**

4541. **श्री रूद्र प्रताप षांडगी** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री गया शहर के निकट रामशिला पहाड़ी का पर्यटक केन्द्र के रूप में विकास के बारे में 27 फरवरी, 1970 के अतारांकित प्रश्न संख्या 872 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने यह कहा था कि राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार गया के निकट रामशिला, प्रेतशिला और ब्रह्मयोनि पहाड़ियों को एक अधिसूचना जारी करके रक्षित सार्वजनिक स्थान घोषित किया गया था और पर्यटक आकर्षण की इन पहाड़ियों को अब पूरी रक्षा प्रदान की जाएगी ; और

(ख) यदि हां, तो इन पहाड़ियों के सम्बन्ध में वर्तमान स्थिति क्या है तब से आज तक क्या कार्यवाही की गई है ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री अनन्त प्रसाद शर्मा)** : (क) 27 फरवरी, 1970 को दिए गए अतारांकित प्रश्न सं० 872 के उत्तर में यह कहा गया था कि राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, रामशिल पर्वत के लिए माईनिंग संबंधी पट्टों की अवधि समाप्त हो जाने के बाद न ही बढ़ायी जाएगी और न नए पट्टे ही दिए जाएंगे।

(ख) वर्तमान स्थिति बिहार सरकार से मालूम की जा रही है और जैसे ही उत्तर प्राप्त होगा, इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

**Revamping of steel units in Public Sector**

4542. SH. SUBHASH CHANDRA BOSE ALLURI : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether Government propose to revamp the various steel units in the public sector ; and

(b) if so, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF COMMERCE AND STEEL AND MINES (SHRI PRANAB MUKHERJEE) : (a) and (b). Revamping of various production units for maintaining/improving its productive efficiency is a continuing exercise in any industrial sector and this practice is followed by the steel industry in the public sector as well.